# 9 मुस्लिम पीर, मस्जिदें, दरगाह, मीनार, मकबरे

1. अलाउद्दीन खान का मकबरा कहाँ स्थित है?
(1) अजमेर (2) जोधपुर
(3) केकड़ी (4) सलूम्बर

2. निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है–
(1) शेख मोहम्मद दुरवेश की दरगाह – मोती डूँगरी (जयपुर)
(2) नजमुद्दीन परवाना की दरगाह – फतेहपुर (सीकर)
(3) हजरत अमानीशाह की दरगाह – जोधपुर
(4) हजरत मीरा साहब की दरगाह – बूँदी

3. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का उर्स ................. माह की 1 से 6 तारीख तक मनाया जाता है। रिक्त स्थान भरिए–
(1) मुहर्रम (2) रमज़ान (3) रज्जब (4) सब्बाल

4. 'तारकीन का उर्स' निम्न में से किस पीर की दरगाह पर आयोजित किया जाता है ?
(1) शेख हमीदुद्दीन नागौरी (2) पीर दुल्लेशाह
(3) पीर फखरूद्दीन (4) पीर मलिक शाह

5. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती को 'सुल्तान-उल-हिन्द' की उपाधि किसने दी थी?
(1) अकबर (2) मोहम्मद गौरी
(3) मोहम्मद गजनवी (4) बलबन

6. कुतुबद्दीन ऐबक द्वारा अजमेर में बनाया गया 'ढाई दिन का झोपड़ा' जहाँ पर पहले संस्कृत पाठशाला थी, किसके द्वारा बनाई गई थी ?
(1) विग्रह राज द्वितीय (2) पृथ्वीराज तृतीय
(3) विग्रहराज चतुर्थ (4) वासुदेव

7. नरहड़ की दरगाह किस जिले में है?
(1) झुंझुनूं (2) अजमेर
(3) सीकर (4) चुरू

8. राजस्थान के किस शहर में प्रत्येक वर्ष विश्व प्रसिद्ध उर्स का आयोजन किया जाता है?
(1) नागौर (2) जयपुर
(3) अजमेर (4) चित्तौड़गढ़

9. अजमेर में किस प्रसिद्ध सूफी संत की दरगाह है?
(1) मोइनुद्दीन चिश्ती (2) फखरूद्दीन चिश्ती
(3) हिसामुद्दीन चिश्ती (4) हम्मीदुद्दीन चिश्ती

10. नीचे दिए गए युग्मों में से असुमेलित युग्म छांटिए–

| (दरगाह) | (स्थान) |
|---|---|
| (1) शेख हमीदुद्दीन मिठ्ठे महाबली | – गागरोन (झालावाड़) |
| (2) मौलाना जियाऊद्दीन की दरगाह | – जयपुर |
| (3) शेख नजमुद्दीन परवाना की दरगाह | – झुंझुनूं |
| (4) शेख बाबा इस्हाक की दरगाह | – बड़ी खाटु (नागौर) |

11. 'संन्यासियों के सुल्तान' के उपनाम से किसे जाना जाता है?
(1) हमीदुद्दीन नागौरी (2) ख्वाजा फखरूद्दीन
(3) ख्वाजा हिसामुद्दीन (4) ख्वाजा मोइनुद्दीन

12. चिश्ती सम्प्रदाय में तीर्थयात्रियों को कहा जाता है ?
(1) जायरीन (2) वली
(3) मुरीद (4) मुर्शीद

13. अढ़ाई दिन का झोपड़ा स्थित है–
(1) नागौर (2) अजमेर (3) मेड़ता (4) पाली

14. काजी हमीदुद्दीन सुहरावर्दी को किस स्थान पर सर्वप्रथम काजी बनाया गया था?
(1) अजमेर (2) बूँदी
(3) जयपुर (4) नागौर

15. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) ख्वाजा साहब की दरगाह अजमेर में स्थित है।
(2) इस दरगाह का प्रारंभिक निर्माण इल्तुतमिश ने करवाया।
(3) दरगाह का पूर्ण निर्माण हुमायू द्वारा करवाया गया
(4) अकबर द्वारा इसी दरगाह में बुलंद दरवाजा बनवाया गया। गया था।

16. निम्न में से असत्य है–
(1) खुदाबक्श बाबा की दरगाह– सादड़ी (पाली)
(2) जेठा भुट्टा पीर की दरगाह– बीकानेर
(3) मलिक शाह पीर की दरगाह– जालौर
(4) लैला मजनू की मजार– हनुमानगढ़

17. अजमेर की दरगाह में बड़ी देग व छोटी देग क्रमशः किसने भेंट की थी?
(1) अकबर व जहाँगीर (2) जहाँगीर व शाहजहाँ
(3) शाहजहाँ व औरंगजेब (4) जहाँगीर व दारा शिकोह

18. भरतपुर की जामा मस्जिद का निर्माण वहाँ के किस शासक ने करवाया था?
(1) रणजीत सिंह (2) बृजेन्द्र सिंह
(3) बलवंत सिंह (4) कृष्ण सिंह

19. राजस्थान की सबसे बड़ी मस्जिद है?
(1) अकबर की मस्जिद (2) जामा मस्जिद (शाहबाद)
(3) मेड़ता मस्जिद (4) इकमीनार मस्जिद

20. अजमेर दरगाह मुख्य द्वार किस नाम से जाना जाता है?
(1) बगली दरवाजा (2) बसंती दरवाजा
(3) निजाम गेट (4) सलीम दरवाजा

21. अलाउद्दीन की मस्जिद स्थित है?
(1) धौलपुर (2) अलवर
(3) नागौर (4) जालौर

22. काकाजी की दरगाह स्थित है?
(1) जालौर (2) प्रतापगढ़
(3) ब्यावर (4) दौसा

23. निम्न को सुमेलित कीजिये –

| दरगाह | स्थान |
|---|---|
| (क) अहमद अली शाह की दरगाह | 1. झुंझुनूं |
| (ख) कमरूद्दीन शाह की दरगाह | 2. जयपुर |
| (ग) अब्बनशाह की दरगाह | 3. कोटा |
| (घ) अधरसिला दरगाह | 4. प्रतापपुरा (सांचौर) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |


24. राजस्थान में दाऊदी बोहरा सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ कहाँ पर है?
(1) गलियाकोट (डूँगरपुर) (2) सलेमाबाद (अजमेर)
(3) महामन्दिर (जोधपुर) (4) गलताजी (जयपुर)

25. लैला मजनू की मजार स्थित है?
(1) बिंजौर (अनूपगढ़) (2) संगरिया (हनुमानगढ़)
(3) भारेवाला (जैसलमेर) (4) खाजूवाला (अनूपगढ़)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

## वरिष्ठ अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।